डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन कल से

### 18 नवंबर तक रहेगा पुस्तक मेला

### 30 से अधिक प्रकाशक और 65 से अधिक बाल साहित्यकार ले रहे हैं हिस्सा

### माननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, 10 नवंबर 2022। 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में साहित्य अकादेमी अपने परिसर में एक भव्य पुस्तक मेले का आयोजन 11 से 18 नवंबर 2022 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 7 बजे तक करने जा रही है। इस पुस्तक मेले का उद्घाटन दिनांक 11 नवंबर 2022 को माननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस पुस्तक मेले में 30 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। पुस्तक संस्कृति और बच्चों में पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अकादेमी ने '**पुस्तकायन**' शीर्षक से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया है। इस बार के पुस्तक मेले की थीम 'बाल साहित्य' है। उक्त जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि आठ दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के 65 से ज़्यादा बाल लेखक शामिल हो रहे हैं। मेले में अकादेमी बच्चों के लिए कई रोचक, ज्ञानवर्धक एवं "आज़ादी के रंग बाल कलाकारों के संग" शीर्षक से उभरते हुए बाल कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से की जा रही है। बच्चों के लिए कविता और कहानी लेखन कार्यशाला के अलावा कार्टून चित्रांकन कार्यशाला 13 नवंबर रविवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से होंगी। कविता और कहानी लेखन कार्यशाला का संचालन दीपा अग्रवाल एवं श्याम सुशील करेंगे तथा इसी दिन, अपराह्न 2.00 बजे कार्टून चित्रांकन कार्यशाला का संचालन माधव जोशी एवं उदय शंकर करेंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के बाल साहित्य पर चर्चा और रचनाओं का पाठ वरिष्ठ बाल साहित्यकारों द्वारा किया जाएगा। मेले में अपने प्रिय लेखक से मिलिए कार्यक्रम के अंतर्गत – बालस्वरूप राही, दिविक रमेश, क्षमा शर्मा, कमलजीत नीलों, पारो आनंद एवं असद रज़ा आदि बाल साहित्यकारों से मिलने का अवसर भी होगा।

ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी परिसर में पहली बार आयोजित किए जा रहे इस बाल पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त देश के अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशकों की पुस्तकें विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

(के. श्रीनिवासराव)